Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-04-2007

Participants : C.S. Sujatha Smt. ,Gowda Dr. (Smt.) Tejasvini,Manoj Dr. K.S.,Fernandes Shri Oscar,Singh Ch. Lal,Dasgupta Shri Gurudas,Ramadass Prof. M.,Mistry Shri Madhusudan Devram,Rawat Prof. Rasa Singh,Tripathy Shri Braja Kishore,Khaire Shri Chandrakant Bhaurao,Yerrannaidu Shri Kinjarapu,Khan Shri Sunil,Atwal Shri Charnjit Singh,Singh Shri Ganesh Prasad,Narbula Shri Dawa,Chatterjee Shri Santasri,Kuppusami Shri C.,Reddy Shri Suravaram Sudhakar,Virendra Kumar Shri

an>

Title: Discussion on the Demands for Grant No. 59 under the control of the Ministry of Labour and Employment. (All the cut motions moved were negatived).

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on Demand No.59 relating to the Ministry of Labour and Employment.

Hon. Members present in the house whose cut motions to the Demand for Grant have been circulated may, if they desire to move their cut motions, send slips to the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the cut motions they would like to move. Only those cut motions will be treated as moved.

A list showing the serial numbers of cut motions treated as moved will be put up on the Notice Board shortly thereafter. In case any Member finds any discrepancy in the list, he may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

Motion moved:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the Fourth column of the Order paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2008, in respect of the head of Demand entered in the Second column thereof against Demand No. 59 relating to the Ministry of Labour and Employment."

Prof. Rasa Singh Rawat.

---

*Moved with the recommendation of the President.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से श्रम मंत्रालय की मांगों के संदर्भ में अपने कुछ विचार व्यक्त करना चाहता हूं। मुझे अत्यन्त खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे देश में श्रमिक वर्ग की स्थिति में जो सुधार होना चाहिए वह नहीं हो रहा है

और जब से यह सरकार आई है, तब से उनकी स्थिति और खराब हो गई है।

मान्यवर, मैं देख रहा हूं कि श्रम मंत्री जी यहां नहीं बैठे हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि श्रम मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं या नहीं?

उपाध्यक्ष महोदय : मैं, माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि माननीय श्रम मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं। अतः आप अपना भााण जारी रखें।[r12]

प्रो. रासा सिंह रावत : जब से इस देश के अन्दर संप्रग सरकार आई है, यदि मैं यह कहूं कि जब से लिब्रेलाइजेशन या उदारीकरण का जमाना आया है, तब से श्रमिकों की स्थिति की तरफ जो ध्यान दिया जाना चाहिए, सरकार का वह ध्यान नहीं जा रहा है और परिणामस्वरूप देश के अन्दर चाहे वे खेती के अन्दर काम करने वाले श्रमिक हों, चाहे वे बिल्डिंगों के निर्माण का काम करने वाले श्रमिक हों, चाहे रुग्ण इकाइयों के अन्दर काम करने वाले श्रमिक हों अथवा मल्टीनेशनल कम्पनियों के अन्दर काम करने वाले श्रमिक हों, श्रमिकों की स्थिति, मजदूरों की स्थिति निरन्तर दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। जब से यह असंवेदनशील सरकार आई है, इस सरकार ने मल्टीनेशनल कम्पनियों को ऐसी खुली छूट दी है, उसके परिणामस्वरूप हमारे देश के जो मझोले उद्योग हैं, हमारे देश के जो लघु उद्योग हैं और हमारे देश के जो छोटे-छोटे उद्योग-धन्धे हैं, उनके अन्दर काम करने वाले श्रमिकों की स्थिति तो और भी अधिक दयनीय होती जा रही है, क्योंकि मल्टीनेशनल कम्पनियों के आगमन के कारण, उनको प्रोत्साहित किये जाने के कारण और सेज़ की नीति को प्रोत्साहित किये जाने के कारण श्रमिकों की तरफ जो ध्यान दिया जाना चाहिए, वह दिया नहीं जा रहा है। वे कारखाने बन्द हो रहे हैं, छोटे-छोटे उद्योग-धन्धे, देश के छोटे-छोटे मझोले उद्योग, लघु-उद्योग और कुटीर उद्योग सारे धीरे-धीरे बन्द हो रहे हैं। परिणामस्वरूप जो उन फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिक थे, जो मझोले उद्योगों में और लघु उद्योगों में काम करने वाले श्रमिक थे, उनको छंटनी का शिकार होना पड़ रहा है अथवा कारखानों में बन्दी हो जाने के कारण, फैक्टरियों के बन्द हो जाने के कारण उनको बेकारी का सामना और भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। मैं इस सरकार से यह जानना चाहूंगा कि श्रम मंत्रालय ने मजदूरों के सुधार के लिए अब तक जो उपाय पहले हमने अन्तर्राट्रीय श्रम सम्मेलन के अन्दर जो वायदा किया था, श्रमिकों की स्थिति में सुधार करने के लिए, इस सरकार ने शपथ लेने से पूर्व अपने घोाणा-पत्र के अन्दर जो वायदा किया था, उसकी कितनी अनुपालना इस सरकार ने करने का प्रयास किया है? इस सरकार की कथनी और करनी के अन्दर बड़ा भारी अन्तर है। इन्होंने कहा था कि हम खेती में काम करने वाले जो करोड़ों असंगठित श्रमिक हैं, उनके कल्याण के लिए जल्दी ही विधेयक लाएंगे और उनका कल्याण करने के लिए, उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए, उनकी कार्यस्थल पर सुरक्षा करने के लिए और जब खेती का सीजन नहीं हो, तब उस समय में भी उनके हितों का कुछ न कुछ ध्यान रखें, उसके बारे में जल्दी विधेयक लाएंगे, लेकिन वह कानून अभी तक नहीं बन पाया है। परिणामस्वरूप देश के लाखों-करोड़ों श्रमिक, जो खेती के धन्धे के अन्दर मजदूरों के रूप में काम करने वाले लोग हैं, उनको बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उनका शोाण हो रहा है, काम तो उनसे ले लिया जाता है, लेकिन उनको जो समय पर भुगतान होना चाहिए, उनके रहने का जो स्थान स्वास्थ्यप्रद वातावरण में होना चाहिए, उनके बच्चों की शिक्षा का जो प्रबन्ध होना चाहिए, उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो असंगठित श्रमिक हैं, उनके बारे में इस सरकार ने क्या किया, इसके बारे में भी मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहूंगा?

तीसरी चीज़, बाल श्रमिकों के लिए हमेशा कहा तो यह जाता है कि हम चाइल्ड लेबर को रोकने का प्रयास करेंगे, चाइल्ड लेबर को रोकने के लिए हम ये-ये प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका परिणाम क्या निकला? आज भी हम होटलों के अन्दर देखते हैं, आज भी हम दुकानों के अन्दर देखते हैं, आज भी हम छोटे-छोटे कालीन बनाने के कारखानों में या और भी कई ऐसे धन्धे हैं, जिनके अन्दर छोटे-छोटे बच्चे काम करते हैं। पटाखों के कारखानों में, पटाखे बनाने में, दियासलाई बनाने वाले हैजार्डस उद्योगों में, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हैं, ज्वलनशील पदार्थों का और बड़े विौले पदार्थों का जहां उपयोग किया जाता है, वहां पर श्रमिकों की स्थिति और खासकर बाल श्रमिकों की स्थिति कितनी दयनीय है। उनके कल्याण के लिए यह सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसी प्रकार से इन्होंने कहा था कि हमने बंधुवा मजदूरी पर एक प्रकार से पूरी पाबन्दी लगा दी है, लेकिन देखने में यह आया है कि जो ईंटों के भट्टे हैं और जो प्राइवेट खान मालिकों की खानें हैं, उन खानों में काम करने वाले जो श्रमिक हैं, उन श्रमिकों की स्थिति भी अत्यधिक दयनीय है। अभी भी बंधुवा मजदूरों को दयनीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।[R13]

चाइल्ड लेबर और बंधुआ श्रमिकों की स्थिति में कोई विशेा सुधार नहीं हो पा रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार ने कई जगह ईएसआई अस्पताल खोले हैं। श्रमिकों या बीड़ी मजदूरों के बारे में आप जानते हैं कि उनकी महिलाएं, बच्चे और पुरुा किन अस-

वास्थ्यकर परिस्थितियों के अंदर काम करते हैं? बीड़ी मजदूरों के कल्याण के लिए भी सरकार को जितना प्रयास करना चाहिए था, मैं समझता हूं कि इस ओर विशेा प्रयास अभी तक नहीं किया गया है। पहले से ही जो योजना चल रही है, वही चल रही हैं। हमने उनकी बस्तियों को देखा है, जहां वे काम करते हैं, हमने उस स्थान को देखा है। न तो उनके काड्र्स बने हुए हैं, न हास्पिटल्स काड्र्स बने हुए हैं, न उन्हें दवाइयां मिलती हैं और न ही उनकी सुरक्षा के कोई उपाय हैं। बीड़ी उद्योग में बहुत से लोग करोड़पति बन गए हैं। वे मालिक श्रमिकों का शोाण करते हैं और बीड़ी की मजदूरी के रूप में जितना भुगतान उन्हें होना चाहिए, उससे कम भुगतान बीड़ी श्रमिकों को किया जाता है। मैं आपके माध्यम से बीड़ी श्रमिकों की तरफ सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

महोदय, ईएसआई अस्पतालों की स्थिति बहुत दयनीय है। वहां श्रमिकों के कल्याण के लिए, उनकी चिकित्सा के लिए जो आधुनिक चिकित्सा यंत्र और उपस्कर उपलब्ध होने चाहिए, वे नहीं है। ईएसआई हास्पिटल्स जीर्ण-शीर्ण, टूटी-फूटी अवस्था हैं, उनकी एक्सरे मशीन काम नहीं कर रही है और हार्ट के इलाज के लिए उन्हें दूसरी जगह रेफर कर दिया जाता है। ईएसआई अस्पतालों में डाक्टरों और नर्सों का अभाव है। इसके साथ ही वहां दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि देश के अंदर कर्मचारी कल्याण के लिए जो ईएसआई हास्पिटल्स चलते हैं, उनकी स्थिति में सुधार करने के लिए इस सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

मान्यवर , मुझे सबसे ज्यादा आश्चर्य इस बात का होता है कि सवा आठ प्रतिशत या नौ प्रतिशत या बारह प्रतिशत प्रोविडेंट फंड पर ब्याज हो, बार-बार यह चक्कर चल रहा है, कर्मचारियों की भविय निधि के संबंध में बैठक हो रही है, लेकिन अफसोस है कि हमारे सीपीआई, सीपीएम और लेफ्ट फ्रंट के लोग, जो इस सरकार को चलाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं और श्रमिकों के लिए रात-दिन मगर के आंसू बहाते रहते हैं, उन मगर के आंसू बहाने वाले वामपंथी भाइयों से मैं प्रार्थना करना चाहूंगा कि भविय निधि के लिए कोई निर्णय करने की स्थिति में यह सरकार नहीं है। बार-बार बैठकें होती है और उसमें कहा जाता है कि इन-इन बातों पर विचार हुआ, लेकिन अब तक भविय निधि की राशि पर कितना प्रतिशत ब्याज हो, आठ प्रतिशत हो, नौ प्रतिशत हो या साढ़े नौ प्रतिशत हो, इसके बीच के आंकड़ों में ही ये झूल रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस बारे में भी सरकार स्थिति स्पट करे। जो कर्मचारी फैक्ट्री में काम करते हैं, उनके लिए बहुत से कानून बने हुए हैं, लेकिन जब काम करते हुए उनकी उंगली कट जाती है, पैर कट जाता है, या उन्हें मौत का सामना करना पड़ता है, ऐसी स्थिति में उनके परिवार वाले चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन मजदूरों के लिए जो कानून बने हुए हैं, उन कानूनों के अंदर उन्हें उचित संरक्षण, मुआवजा, सुरक्षा, ग्रेच्युटी की राशि या पेंशन की राशि या जीपीएफ फंड हो, उसका उन्हें पूरा भुगतान नहीं हो पाता है। आपको आश्चर्य होगा कि उनका अरबों रूपया सरकार के पास पड़ा हुआ है। उनका प्रोविडेंट फंड, उनकी जमाराशियां जो जिंदगी भर उन्होंने मेहनत से जमा की हैं, लेकिन सरकार उसका उपयोग नहीं कर पा रही है और सरकार उसे दूसरे कामों में लगाने के बारे में सोच रही है, जबकि श्रमिकों के कल्याण के लिए सारी राशि खर्च की जानी चाहिए।

हमारे देश में बड़ी-बड़ी मल्टी-नेशनल कंपनीज जब से आयी हैं, उनमें कांट्रेक्ट लेबर या संविद श्रमिक रखे जाते हैं। ऐसे ठेके पर रखे जाने वाले श्रमिकों की हालत बहुत खराब है। इनमें मालिक ठेकेदारों को काम के बारे में कह देते हैं। ऐसे में ठेकेदार सारा कमीशन और फायदा उठा लेते हैं और ठेकेदारी के अंतर्गत काम करने वाले मजदूरों को जो लाभ मिलना चाहिए, उन्हें पूरे महीने काम करने के बदले जो फायदा या वेतन और दूसरी सुविधाएं मिलनी चाहिए, उनसे वे वंचित कर दिए जाते हैं। आज कौन्ट्रैक्ट लेबर की हालत वास्तव में अत्यधिक दयनीय हो रही है और उनकी तरफ इस सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है।

हम भारत की राजधानी दिल्ली में देखते हैं कि राजस्थान से आए हुए लाखों मिस्त्री या मजदूर यहां बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों के निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश या अन्य प्रान्तों के लोग भी यहां भवन निर्माण के कार्यों में लगे हुए हैं। जो लोग ऊंची-ऊंची बिल्डिंग बनाते हैं, वे जिन झुग्गी-झोंपड़ियों में रहते हैं, वहां न पानी है, न रोशनी है और न ही उनके लिए स्वास्थ्यप्रद वातावरण है। उन्हें गंदगी में रहना पड़ रहा है। जब भवन निर्माण कानून पर चर्चा की गई थी, तो कहा गया था कि इस कानून के अंतर्गत उनकी सुरक्षा होगी। लेकिन श्रमिकों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है और वे झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। हमारे पास क्षेत्र के कई लोग आते हैं और कहते हैं कि फलां ठेकेदार के पास हमारा इतना पैसा बाकी हैं, जिसे वह देने से इंकार कर रहा है। जब हम ठेकेदार को फोन करके उनका पैसा देने के लिए कहते हैं, तो वह कहता है कि उनका हमने भुगतान दे दिया है, आप डायरी में देख लें। उनके पास पेमैंट के रैगुलर रजिस्टर आदि नहीं होते। वहां जाकर देखना चाहिए कि कानून का कितना पालन हो रहा है। उन्हें स्वास्थ्यप्रद वातावरण उपलब्ध हो रहा है या नहीं, श्रमिकों के कल्याण के कानून का पालन हो रहा है या नहीं। जहां महिला श्रमिक कार्य करती हैं, वहां उनका शोाण होता है। आपने कह दिया कि पुरु-ाों के साथ महिलाएं रात में काम नहीं करेंगी, लेकिन आज भी कई ऐसी फैक्ट्रियां, उद्योग या संस्थान ऐसे हैं जहां रात में महिलाओं को कार्य

करना पड़ता है। महिलाओं को प्रसवकालीन अवकाश देने की बात हो, फैमिली प्लानिंग अपनाने की बात हो या जब उन्हें अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता हो, ऐसे समय में उन्हें कितनी छुट्टी मिलनी चाहिए, उस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। सरकार कहती है कि कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ - लेकिन कांग्रेस या इस सरकार का हाथ गरीबों के साथ कितना है, यह हमारे देश के श्रमिकों की हालत देखने से पता लगता है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी हिन्दुस्तान में नारा लग रहा है - रोटी, कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिन्दुस्तान - लेकिन यहां के किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी तरफ मजदूरों की हालत भी बहुत दयनीय है। सार्वजनिक उपक्रम जिनमें देश के करोड़ों रूपये लगे हुए थे और जो देश के तीर्थ माने जाते थे कि ये भारत के निर्माण में बहुत सहायक होंगे, आज उनमें से अधिकतर रुग्णता के शिकार हैं। परिणामस्वरूप उनमें मजदूरों की छटनी हो रही है। श्रमिकों की कुशलता की ट्रेनिंग, किससे कितना काम लेना है, कितने घंटे काम लेना है, उन्हें कितनी सुविधाएं प्रदान करनी हैं, कैंटीन, वेल्फेयर, उनके बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए क्या हो रहा है, दुर्घटना आदि होने पर कितना कम्पैनसेशन दिया जा रहा है, इन सारी बातों का जितना पालन होना चाहिए, उतना नहीं हो पा रहा है। एचएमटी जैसा कारखाना भी मजदूरों से वौलेंन्ट्री रिटायरमैंट लेने के लिए कहता है। वह धीरे-धीरे बंद होने के कगार पर है। मैं अपने अजमेर निर्वाचन क्षेत्र की थोड़ी सी मिसाल सरकार के सामने रखना चाहूंगा। वहां एनटीसी की मिलें है। उन मिलों में पहले हजारों श्रमिक काम करते थे, लेकिन उनमें मिल मालिकों, महा-प्रबंधकों या बड़ी-बड़ी तनख्वाह लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ी और श्रमिकों की संख्या घटी। परिणामस्वरूप उन्होंने मिलों को घाटे में बता दिया। वे जॉब नहीं देते, माल नहीं देते, मशीनें पुरानी हैं, उत्पादन नहीं होता - अब वे मिलें घाटे में नहीं होंगी तो क्या होगा। इसका सारा असर श्रमिकों के ऊपर पड़ता है।[N14]

ब्यावर की एडवर्ड मिल और कृणा मिल पहले ही बंद हो गयीं। एडवर्ड और महालक्ष्मी को मिलाकर एक मिल बनायी गयी। शायद कपड़ा मंत्री यहां नहीं हैं। मैं श्रमिकों की बात कर रहा हूं कि वह मिल भी बंद होने के कगार पर हैं। हमारी किरण महेश्वरी जी के क्षेत्र उदयपुर में भी एक कॉटन मिल है। विजय कॉटन मिल की स्थिति भी शायद इसी प्रकार की है। मेरे क्षेत्र विजय नगर में भी एक टेक्सटाइल मिल है, जिसकी हालत भी ऐसी ही है। आज अहमदाबाद, जो भारत का मानचेस्टर कहलाता था और मुम्बई लंकाशायर, वहां वस्त्र के जितने बड़े-बड़े उद्योग थे, उन सब मिलों पर भी ताले लगे हुए हैं। मिल-मालिक मिलों की जमीनें बेचकर करोड़ो अरबों रुपये कमा रहे हैं, लेकिन उन मिलों में काम करने वाले श्रमिकों के हितों, उनका उस समय का बोनस या लाभ आदि सारी बातों के बारे में कुछ पता नहीं है।

आज सरकार पूंजीपतियों को खुश करने के लिए बड़े-बड़े मॉल खोल रही है। पहले हम समझे नहीं कि मॉल क्या होता है, क्योंकि हिन्दी में माल का मतलब दूसरा है। ...(व्यवधान) मॉल ऐसी बिल्डिंगे हैं जहां व्यापार के बड़े-बड़े केन्द्रों में विदेशी व्यापारियों को बुलाकर खुदरा चीजें बेचने की व्यवस्था की जाती है। ...(व्यवधान) मान्यवर राठवा जी, आप मेरी बात पर हंस रहे हैं। आप मेरी भावना को समझिये। यह सरकार रिलांयस के बाजार को खोल रही है। ...(व्यवधान) रिलांयस और बाहर की बड़ी-बड़ी कम्पनियां फुटकर व्यापार में आ रही हैं। लाखों लोग जो इन व्यापारों में लगे हुए हैं, इस तरह उनका व्यापार छिन जायेगा, उनकी रोजी-रोटी भी छिन जायेगी। वे बड़ी-बड़ी कम्पनियां यहां आकर तड़क-भड़क और दिखावा करेंगी और उनकी सारी चीजें डिब्बाबंद होंगी। डिब्बा बंद करने के बाद भारत का क्या भविय होगा, इसकी हम सहज कल्पना कर सकते हैं।

मान्यवर, इन मल्टीनेशनल कम्पनियों पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। सेज (sez), उन 23 स्पेशल इकोनॉमिक जोन के अंदर, नो इलैक्ट्रीसिटी, चार्जेज, नो लॉ, नो बिक्री, आदि जो कुछ है, वह सब लगाओ क्योंकि उस पर सरकार की कोई पाबंदी नहीं है, कोई श्रमिक कानून लागू नहीं होता है। सेज के अंदर उन सबको लूटने की खुली छूट दी गयी है। किसानों को जमीन की कीमत तो मिल रही है, लेकिन उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों की हालत देखी नहीं जाती। एक कवि ने लिखा है कि -

श्वानों को मिलता दूध, भूखे बालक अकुलाते हैं,

मां की छाती से चिपक, सिसक-सिसक कर रह जाते हैं।

यानी अमीरों के कुत्तों को दूध मिलता है लेकिन श्रमिकों के बालक भूख से तड़प-तड़प कर, रो-रोकर रह जाते हैं। वे मां की छाती से चिपक सिसक-सिसक कर रह जाते हैं - उनकी कौन सुनेगा?

मान्यवर, सरकार ने एक और नीति ट्रेड यूनियनों के बारे में बनायी है। उसके लिए एक कानून बना दिया गया है। आज पता नहीं लग रहा कि इंटक, एचएमएस, बीएमएस, सीटू या उटूक कौन सा श्रमिक संगठन बड़ा है। इन्होने कहा दिया कि बहुत समय से चर्चा चल रही है, लेकिन उस बारे में कोई निर्णय नहीं हो पा रहा। वे कहते हैं कि हमारा श्रमिक संगठन सबसे बड़ा है और ये कहते हैं कि हमारा श्रमिक

संगठन राट्र में सबसे बड़ा है। अभी तक सरकार निर्णय नहीं ले पा रही है, मना नहीं कर पा रही है । पहले कारखानों में श्रमिक संगठनों के अलग-अलग झंड़े थे कि इस संगठन का यह झंड़ा है और उस संगठन का वह झंड़ा है। अब कहा जा रहा है कि हम एक ही ट्रेड यूनियन को मान्यता देंगे। इस बारे में सरकार की स्पट नीति होनी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि श्रमिकों को शोाण से मुक्त कराया जाये। श्रमिकों को जो बेरोजगारी और छंटनी का शिकार बनना पड़ रहा है, उससे मुक्त कराया जाये। श्रमिकों के कल्याण के लिए जितने कानून बने हैं, उन कानूनों को सख्ती से लागू कराया जाये। अब आंकड़ों के जाल बहुत लम्बे चौड़े हैं कि हम श्रमिकों के लिए कल्याण केन्द्र, ट्रेनिंग कैम्प, पालनागृह तथा उनकी उन्नति के लिए प्रशिक्षण केन्द्र खोल रहे हैं, लेकिन धरती पर, वास्तविकता में जो कुछ होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। इसलिए मैं इस सरकार से कहना चाहूंगा कि अपनी कथनी और करनी में अंतर न बताते हुए श्रमिकों के सुधार के लिए धरातल पर कुछ किया जाये। मेहनत करने वाला, खून का पसीना बनाने वाला, हमारे उत्पादन की वृद्धि करने वाला, रात दिन कारखानों, फैक्ट्रियों या बड़े-बड़े उद्योग धंधों में काम करके देश की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले श्रमिकों की स्थिति में सुधार हो, यह हम आपके माध्यम से मांग करना चाहेंगे। उनके कल्याण के लिए जो उपाय हैं, वे किये जाये। बाल श्रमिक को रोका जाये और संगठित श्रमिकों के कल्याण के बारे में कानून बनाया जाये। इसके साथ-साथ खेती पर आधारित श्रमिकों की तरफ भी देखा जाये।

इन्हीं शब्दों के साथ आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह डिस्कशन अचानक आ गयी। हम समझ रहे थे कि पहले रेलवे की अनुदान मांगों पर डिसकशन होगी और उसके बाद श्रम और रोजगार मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। लेकिन अकस्मात् आपने इस पर बोलने की आज्ञा दी, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। [MSOffice15]

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : डिप्टी स्पीकर महोदय, आज इस सदन में मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एण्ड इम्प्लायमेंट की डिमाण्ड्स फॉर ग्राण्ट्स पर चर्चा हो रही है। आप जानते हैं कि इस देश में अगर किसी ने, किसी स्फीयर में उत्पत्ति की है, तो वह लेबर है। वह मजदूर ही है जिसने देश में सूई से लेकर जहाज तक और आज हम जो भी वस्तु लेते हैं, खाते-पीते हैं, उन सबको बनाया है। लेकिन जब हम मजदूरों की स्थिति देखते हैं तो हमें अफसोस होता है। मजदूरों में भी दो वर्ग हैं - एक आर्गेनाइज्ड लेबर और दूसरी अनआर्गेनाइज्ड लेबर। इनमें जो अनआर्गेनाइज्ड लेबर हैं, उसका कोई सिस्टम नहीं है। उसे आज रोटी मिल गयी लेकिन कल का पता नहीं है। मैं कहना चाहता हूँ कि अनआर्गेनाइज्ड लेबर की तरफ खास ध्यान देने की जरूरत है। कांट्रैक्टर्स लेबर को ले जाते हैं, कहीं बिहार से जाते हैं, कभी हमारे इलाके से जाते हैं, वे पूरे देश के कोने-कोने में जाते हैं। वहां जाकर उनकी हालत बहुत खराब होती है। अगर वह एक्सीडेंट से मर जाए, हमारी अपनी कांस्टीट्वेंसी से हमारे पास ऐसे बहुत से केस आते हैं, जहां उनको पैसा नहीं मिलता है। यदि वह बीमार हो जाए, उसे टीबी हो जाए, ज वाइंडिस हो जाए, उनको कोई मेडिकल एलाउंस नहीं मिलता है, कोई फेसिलिटी नहीं है। बीमारियां गरीबों के लिए ही हैं। डेंगू भी आया तो उससे भी सबसे ज्यादा गरीब ही प्रभावित हुए, क्योंकि वे स्लम एरिया में रहते हैं, गन्दी जगहों पर रहते हैं, जहां कोई शौचालय नहीं है, उनके पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं है, नहाने के लिए पानी नहीं होता है। वहां उनके लिए कोई प्रौपर इंतजाम नहीं होता है। मैं मंत्री जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि कृपा करके एक बार आप लेबर कालोनियों का चक्कर लगाइए। लोगों को लगना चाहिए कि एक मंत्री अपने मंत्रालय को लेकर उस जगह घूमे जहां मजदूर लोग रहते हैं और वहां एक घण्टे दस मिनट टिककर देखे कि वहां कितनी स्मैल आती है, वह पूरा एरिया कितना पोल्युटेड होता है। माननीय मंत्री जी बहुत संजीदा और हार्डवर्कर हैं। मैं उनसे निवेदन करूंगा और मैं न्युज में उनकी एक फोटो लेबर कालोनियों में बैठे हुए देखना चाहूंगा। मजदूरों की स्थिति के बारे में मैं अपने राज्य का एक उदाहरण देना चाहूंगा। हमारे स्टेट में सोशल फारेस्ट्री डिपार्टमेंट हैं। उसमें लोगों को डेली-वेजेज के आधार पर रखा जाता है, लेकिन वह समझता है कि मैं तनख्वाह पाने वाला कर्मचारी हूं। लोग समझते है कि उसे नौकरी मिल गयी है। इस आधार पर उसकी शादी भी हो जाती है और पढ़े-लिखे लड़के भी लेबर का काम करना शुरू कर देते हैं। आप सोशल फारेस्ट्री को देखें या फिर किसी अन्य डिपार्टमेंट को देखें। जब वे वहां चले जाते हैं तो उनको बताया जाता है कि आपको हमने लेबर के रूप में रखा था, हमारे पास लेबर का जितना काम था, वह खत्म हो गया है, इसलिए अब आपकी छुट्टी हो गयी है। हमारे एरिया में ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने इस तरह 32-32 महीने तक काम किया है, लेकिन उनको तनख्वाह नहीं मिली है। उनको दो-दो महीने की तनख्वाह मिली है और तनख्वाह भी मात्र 500 रूपए महीना है। आप डोडा में चले जाएं,

वहां हजारों लेबर आपको ऐसे मिलेंगे। आप देखेंगे कि जो लोग देश को बचा रहे हैं, जिनको हम वीडीसी कहते हैं, उनकी क्या स्थिति है। उनमें से किसी को 460 रूपए, किसी को 1500 रूपए, किसी को 2100 रूपए तनख्वाह मिलती है। मैं कहना चाहता हूँ कि एक तरफ वह आदमी देश के लिए मिलिटेंसी से लड़ रहा है और दूसरी तरफ वह फांके मार रहा है, रोजी-रोटी के लिए तरस रहा है। क्या उनके बच्चे पढ़ सकते हैं? जो बच्चा पढ़कर वीडीसी में लग गया, एसपीओ में चला गया, उनके बच्चे कहां पढ़ेंगे? उनके पास रहने के लिए मकान नहीं है। मैं दावे के साथ कहता हूं और आप देखें कि पूरे देश में मजदूरों के पास मकान नहीं है। टूट-फूटी झोपड़ी है। आईएवाई के जरिए के कुछ लोगों को बीस-बीस हजार रूपए का जो एमाउण्ट मिला वह पर्याप्त नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि उसके पास रहने के लिए मकान नहीं है, खाने का इंतजाम नहीं है, घर में मां बीमार है, खुद भी वे बीमार हो जाता है। ऐसे केसेज हम सभी के पास आते हैं। हमारे सामने ऐसे ऐसे केसेज आते हैं, जब वे कहते हैं कि हमारी मां मर गई, हमारा बाप मर गया, वही परिवार में कमाने वाला था और अब हमारे बच्चे जो स्कूल में पढ़ रहे थे, वे आगे नहीं पढ़ पाएंगे। इस तरह से उनका चैप्टर क्लोज हो जाता है। हम भी यहां उनके बारे में चर्चा करके रह जाते हैं। मैं अपनी बात कहूंगा और आप सुनेंगे, लेकिन मजदूरों के हितों के बारे में कुछ नहीं होगा। मैंने अपनी आंखों से देखा है कि आज देश में मजदूरों की हालत बहुत खराब और दयनीय है।

मैं इस बारे में आपको उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे प्रदेश में देश और दुनिया से भारी संख्या में यात्री माता वैणो देवी के दर्शन के लिए आते हैं। वहां आपको लाल कपड़ा पहने हुए पालकी उठाने वाले, पिठ्ठू और घोड़े वाले मजदूर मिल जाएंगे। अगर आप गहराई में जाकर देखें कि उन्हें कितनी तनख्वाह मिलती है, तो आपको वास्तविकता पता चलेगी। वहां उनकी तनख्वाह के लिए लेबर टेंडर निकाला जाता है। अभी हाल ही में सिर्फ चार ताकतवर लोगों ने अधिकारियों की मिलीभगत से वह टेंडर हथिया लिया। यात्री जब वहां प्री पेड बूथ पर जाता है और अपने लिए पिठ्ठू, पालकी या घोड़ा ले जाने की बात करता है तो उसे वहां पैसे जमा कराकर लेबर उपलब्ध कराई जाती है, क्योंकि आप सीधे लेबर हायर नहीं कर सकते, जिससे मजदूर को सीधे लाभ हो सके। उस मजदूर को वहां सिर्फ 120 रुपए लेबर मिलती है और उस पर भी 12 प्रतिशत टैक्स काटा जाता है। मेरी नजर में हिन्दुस्तान और शायद दुनिया में हमारा ही ऐसा राज्य होगा, जहां लेबर पर टैक्स है। अगर मंत्री जी में हिम्मत है तो वह उन 14,000 मजदूरों को इस टैक्स से छुटकारा दिलाएं। हमने इनकम टैक्स, सर्विस टैक्स, प्रापर्टी टैक्स और सरचार्ज के बारे में तो सुना है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में पालकी वाले, पिठ्ठू वाले और घोड़े वालों पर लेबर टैक्स पहली बार सुना है। मैंने इसके बारे में वहां काफी आवाज उठाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, क्योंकि सुनते तो सब हैं, लेकिन अमल कोई नहीं करता। वहां पर लेबर टेंडर के लिए एक कमेटी बनी हुई है, जो काफी मजबूत है, क्योंकि उसमें असरदार, पैसे वाले और बाहुबली लोगों का होल्ड है। जब कोई मजदूर अपनी मजदूरी के लिए वहां प्री पेड काउंटर पर पैसा मांगने जाता है तो कई बार उसे कह दिया जाता है कि पैसे खत्म हो गए, जबकि यात्रियों ने तो वहां पूरे पैसे जमा कराए होते हैं। वास्तविकता यह है कि उस पैसे से वे लोग अपना खाता चलाते हैं। अगर कोई मजदूर हिम्मत करके पैसे के लिए अड़ जाए, तो उसे कहा जाता है कि 20 रुपए दो, तो तुम्हें तुम्हारा पैसा मिल जाएगा। इस तरह से मजबूर होकर उस मजदूर को पहले 20 रुपए और फिर बाद में 20 रुपए देने पड़ते हैं, तब जाकर उसे अपनी मजदूरी मिलती है। यह भी देखने में आता है कि जब मजदूर वहां अपनी मजदूरी मांगने जाते हैं, तो उन्हें थप्पड़ मारे जाते हैं, उनकी पिटाई की जाती है, जिसमें पुलिस भी शामिल हो जाती है। इस तरह से देखा जाए तो सारा सौदा बिका हुआ लगता है। मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि आप इसकी जांच कराएं, तो आपको हकीकत का पता चल जाएगा। मैं खुद दस दिन तक वहां रहा और इसके विरुद्ध आवाज उठाता रहा, लेकिन मेरी, चौधरी लाल सिंह, संसद सदस्य की भी बात नहीं सुनी गई और मैं सब कुछ देखता रहा, कहीं सुनवाई नहीं हुई।

देश में धर्मनिरपेक्षता की बात होती है। माता वैणो देवी के दर्शनों के लिए जब यात्री वहां आते हैं तो उन्हें पहाड़ों पर जाने के लिए पालकी, घोड़े और पिठ्ठुओं का सहारा लेना पड़ता है। पिठ्ठुओं पर ले जाने वाले, घोड़ों और पालकी पर ले जाने वाले मजदूरों में 70 फीसदी मुसलमान मजदूर हैं और बाकी 30 प्रतिशत मजदूर अन्य धर्मों से हैं। वे लोग जब यात्रियों को अपने कंधों पर उठाकर ले जाते हैं, तो नीचे अल्लाह बोलते हैं और ऊपर जाकर जय माता की बोलते हैं। ऐसी जगह आपको और कहीं नहीं मिलेगी। ऊपर जाकर ये मजदूर यात्रियों के पांव भी दबाने का काम करते हैं, जबकि ये खुद यात्रियों को उठाकर ले जाते हैं और स्वयं थके होते हैं। ऐसे आदमियों पर जब लेबर टैक्स लगता है, तो काफी दुख होता है। इस बात का किसी पर कोई असर नहीं होता है। अगर किसी में दम हो तो वह इस टैक्स को बंद कराए, जिससे उन मजदूरों को राहत मिल सके। मुझे लगता है कि हम यह काम नहीं कर सकते। हम लोग सिर्फ अपनी बात कहकर ही रह जाते हैं। हमारी पार्टी की राज्य में और केन्द्र में, दोनों जगह सरकारें हैं, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस समस्या के ऊपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं यह बात सिर्फ राजनीति करने के लिए नहीं कह रहा हूं, बल्कि मानवीय आधार पर कह रहा हूं, क्योंकि हम लोग चाहकर भी उनके बारे में कुछ नहीं कर पाते हैं, जिसका हमें अफसोस है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। हम लोगों में से कई लोग लेबर के बारे में स्ट्रगल करके मेजोरिटी में पहुंच जाते हैं और कुछ लोग जो उनकी बात नहीं करते, कम संख्या में आते हैं या जातिवाद के सहारे अपनी राजनीति करते हैं।[R16]

मैं कहना चाहता हूं कि कम से कम हम एक सांसद बन कर आम जनता के बारे में सोचें, जो संसद की तरफ देखते हैं। कम से कम कम इस इंस्टीट्यूशन का, जिसके पीछे भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद, राजगुरू, सुखदेव, नेताजी सुभाा चन्द्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू के नाम जुड़े हैं, जिन्होंने इस हाउस के लिए कुर्बानियां दीं, सम्मान आम लोगों में बनाए रखना है। एक बार जब महंगाई बहुत बढ़ गई थी, उस वक्त श्री नेहरू जी बड़े-बड़े दुकानदारों के सामने रोये कि आपने महंगाई बहुत बढ़ा दी है। उस वक्त उन लोगों ने महंगाई एकदम कम कर दी, लेकिन आज क्या स्थिति है? मैं आज कहना चाहता हूं कि लेबर को उसका हक नहीं मिल रहा है और लेबर परेशान है।

बीड़ी के पैकेट पर लिखा है कि बीड़ी पीने से मर जाओगे, लेकिन बीड़ी बनाने वाला और उसका परिवार पहले मर जाएगा। यह बात ठीक है कि बीड़ी बनाने का काम बंद किया जाए, लेकिन क्या बीड़ी बनाने वाली लेबर के बारे में भी सोचा है? मैं पूछना चाहता हूं कि अगर किसी व्यक्ति को चार दिन काम न मिले, तो उसकी और उसके परिवार की क्या हालत होगी? हमारा सारा विकास लेबर करती है, लेकिन लेबर का विकास कहां हो रहा है? मजदूरों के बच्चों को स्कूल नहीं जाने दिया जाता है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या 65 पैसे के खाने से किसी का पेट भरता है? यह मिड डे मील ड्रामेबाजी है। 65 पैसे के खाने के लिए माँ-बाप बच्चों को सुबह स्कूल भूखा भेज देते हैं। वह भूखा बच्चा सारा दिन उस चौके को, उस चूल्हे को देखता रहता है कि मेरा खाना कब आएगा। हिंदुस्तान का बच्चा अपने देश में खाना खाने के लिए प्लेट उठाकर भिखारी की तरह खड़ा रहता है। मैं कहना चाहता हूं कि इनके लिए जो मदद दी जा रही है, वह इन लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। बीच में ही बिचौलिए इन चीजों को हजम कर जाते हैं। जो राशन कुत्ता नहीं खाता है, वह इंसान के खाने के लिए भेजा जाता है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि बीपीएल को जो अंत्योदय योजना के अंतर्गत राशन दिया जाता है, आप उस राशन को देखिए। उस राशन में कीड़े हैं, बदबू आती है। कहा जाता है कि लेबर को प्रोटीन और कैलोरी दे रहे हैं। सारी लेबर बीमारियों से ग्रसित होती जा रही है। अगर लेबर कमजोर होगी तो क्या देश मजबूत हो सकता है? जिस देश की लेबर कमजोर होगी, वह देश भी कमजोर होगा, इसलिए लेबर को मजबूत करना हम सबका फर्ज बनता है। बड़े लोगों को लेबर की दिहाड़ी बहुत चुभती है। लेबर अगर काम के बीच में बीड़ी पीने के लिए बैठ जाता है, तो सब उसके पीछे पड़ जाते हैं। उसे कहते हैं - तू फिर बैठ गया, हरामी कहीं का। वह आदमी रोज लोगों से गालियां सुनता है, ज़लील होता है। यहां लिखा है कि मजदूरों के लिए कानून है, लेबर यूनियन है, लेकिन इन्हें मार मिलती है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपने इनके लिए कानून बनाया है, तो उसे इम्पलिमेंट भी करिए। अगर इम्पलिमेंट नहीं कर सकते हैं, तो सीधी बात इनसे कह दो कि अपने भाग्य जियो और अपने भाग्य मरो। जो भी मंत्री हो, अगर वह अपने मंत्रालय को न देखे तो केवल वह ही इसके लिए जिम्मेदार है। श्री ऑस्कर फर्नांडीस जैसा मिनिस्टर होगा, तो लेबर क्यों नहीं तगड़ी होगी? अगर लेबर तगड़ी नहीं होगी, तो श्री फर्नांडीस भी तगड़े नहीं हो सकते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि मजदूरों की भलाई के लिए ध्यान दिया जाए।

मेडिकल फेसिलिटी के बारे में भी मैं कहना चाहता हूं कि कहीं कुछ नहीं किया जाता है। मेरा सुझाव है कि आपने जो मिनिमम वेज मजदूरों के लिए रखा है, वह उसे मिलनी चाहिए। मैं बताना चाहता हूं कि दिहाड़ी देने का कोई सिस्टम नहीं है। सभी अपनी मर्जी से मजदूरों को दिहाड़ी देते हैं। आप सौ या पचास रुपए लेकर बाजार घूमो, आप कुछ भी लेकर घर नहीं आओगे। उनके बच्चे फटे-पुराने कपड़ों में रहते हैं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र में एक घर के अंदर गया। वहां एक औरत सिमट कर बैठी थी। वहां ठंड थी, छत पर थोड़ा छप्पर पड़ा हुआ था और दीवारें नहीं थीं। मैंने घर के अंदर देखा तो घर में एक ट्रंक भी नहीं था, घर के अंदर कुछ नहीं था। मैंने देखा उसके पास कुछ नहीं है। जम्मू-कश्मीर में एमएलए पैसा दे सकता है लेकिन एमपी नहीं दे सकता क्योंकि पैसा इंडीविजुअली जाता है। जिस आदमी के पास मकान नहीं है जिसकी बुरी हालत है, एमपी वहां जाकर क्यों पैसा नहीं दे सकता? तब आप भी एमपीलैड की कमेटी में थे। मैं तब एमएलए था, उसी वक्त मैं वापिस गया और 20,000 रुपए का चैक उस औरत को दिया। मुझे खुशी है कि उसने मकान बनाया। उसका एक बच्चा पीछे छुपा हुआ था, मैंने पूछा कि आपका चौथा बच्चा कहां है, उसने कहा कि इधर ही होगा। वह बच्चा 12 साल का था और दूर जंगल में था क्योंकि उस बच्चे के आगे-पीछे कपड़े नहीं थे। उस बच्चे को शर्म आ रही थी कि मैं नंगा हूं। मुझे अफसोस है क्योंकि हम रिप्रेंजेटेटिव हैं इसलिए मेरा बच्चा ठीक कपड़े पहने और उस गरीब का बच्चा नंगा हो, उसके लिए स्कूल न हो, मेडिकल फैसिलिटी न हो। मुझे कई बार लगता है कि हम कौन सी ड्रामेबाजी में फंसे हुए हैं। हम दूसरी तरफ देखते हैं तो कई ऐसे हैं * जो इस इंस्टीट्यूशन का बेड़ागर्क करने के लिए ऐसे रास्तों पर चले जाते हैं और हमें बदनाम करते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : अनपार्लियामेंटरी शब्द रिकार्ड में नहीं जाएगा।

* Not recorded

चौधरी लाल सिंह :मैं कहना चाहता हूं कि आप इसे गंभीरता से लीजिए, यह इंस्टीट्यूशन बहुत स्ट्रांग इंस्टीट्यूशन है। मैं बेहतर जानता हूं कि इस इंस्टीट्यूशन की क्या अहमियत है, मैं इसलिए बोलता हूं और मुझे बोलने का अधिकार है। मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करूंगा कि आप कोई भी डिपार्टमेंट चलाओ, हमने भी मिनिस्ट्री चलाई है, मैं हैल्थ एंड मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर था तब लोगों को घर-घर दवाई मिली। जब हम छोड़कर चले गए तो आज तक लोग रोते हैं कि आप यहां क्यों हैं। मुझे लगता है कि जिसके पास जाते हैं तो चिट्ठी लिखते हैं यू विल एप्रिशिएट। आप एप्रिशिएट करोगे? सारे मिनिस्टरों की एक ही लिस्ट है, एक ही कहानी है, एक ही लिखाई है कि आप एप्रिशएट करोगे लेकिन आपका काम नहीं होगा क्योंकि कानून नहीं बना। दूसरी बात लिखनी चाहिए कि हम देखेंगे। मेरा मन करता है बोलूं। मैंने लैटर्स की बोरी भरी हुई है। मैं किसी दिन बोरी लेकर यहां बैठूंगा, यही लिखा है - एप्रिशिएट, देख रहा हूं लेकिन मैं देख रहा हूं कोई काम नहीं होता। यह कहते हैं कि मेरी गवर्नमेंट है, गवर्नमेंट चाटनी है? गवर्नमेंट लोगों के लिए है, अगर कोई गवर्नमेंट काम नहीं करेगी तो कोई ग वर्नमेंट नहीं है चाहे वह मेरी ही हो। गवर्नमेंट वही है जो लोगों को इंसाफ दे। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से बोलूंगा कि आप वैणो देवी का मसला हल नहीं करेंगे तो हम आपके खिलाफ भी धरना देंगे।

SHRI SANTASRI CHATTERJEE (SERAMPORE): Mr. Deputy Speaker, Sir in the 14th Lok Sabha this is our first opportunity to discuss on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Labour and Employment. I am thankful to you for giving me this opportunity.

Sir, since installation of the UPA Government, the hon. Minister who had been entrusted with the Department of Labour, I am sorry to state that he could not do proper justice to the Department. Labour appears to have been a neglected subject.

Sir I am happy to learn that Shri Oscar Fernandes, while assuming the Office of the Labour Minister, is sincerely trying to improve the performance of his Department and we assure him all our support so far as the interests of the labour is concerned. I hope tomorrow when the All India Labour Conference is going to be held, many issues will be discussed there and our hon. Minister of Labour and Employment will take the lead to show the country that the UPA Government is really sincere to the cause of the working class of the country.

Sir, the UPA Government in its National Common Minimum Programme had assured the country that it would render fair deal to the workers and it would enact a law containing social security of the unorganized workers.[a17]

It has also assured that it would protect the democratic trade union rights of the workers; this Government would also see that the public sector is protected, the payment of Minimum Wages Act and also the other laws are properly implemented. About the Payment of Bonus Act, whose amendment is overdue, many a time, we have raised the issue in the House. The Government says that all these issues would be

taken up. But, I am sorry to say, the UPA Government though it has committed to the nation that it would give a fair deal to the workers, is not taking the matter with all the seriousness it deserves.

Sir, they know very well that the Left Parties are supporting this Government on the basis of the Common Minimum Programme which they accepted and which they are committed to implement. But so far as labour issue is concerned, this is absent. Nowadays, the apologists of the capitalist system are trying to propound a theory that trade union is not necessary; in the era of globalization, liberalization and privatization, trade union movement is not necessary; only production and productivity without any organized trade union movement is necessary. Those who belong to the trade union, those who are committed to the cause of the workers, cannot accept this theory. That is why, in India, the working-class, divided among themselves into different trade unions, are trying to unite themselves to further their cause, to fight for their legitimate demands. To achieve this, on the 14th December of last year, there was an All-India strike which gave a warning to the Government saying: "Do not follow the path of the NDA Government. You follow the path of the people and implement the policies which you have declared before the nation."

So far as the unorganized sector is concerned, it is a matter of great regret that three years have passed after this Government came into being. On the completion the two-year period, this Government distributed a report to the people. You assured many a time - the issue was taken up by all sections of the House – about the social security measures which the Government is contemplating.

The National Sample Survey Organisation, in its Report 1999-2000, says that out of the total workforce of 39.7 crore persons employed in both the organized and the unorganized sectors, 36.9 crore are in the unorganized sector. The plight of the unorganized sector needs no further narration. You know about the condition in which they work. There is no security and there is nothing. The Government has assured and re-assured that it would be doing something for the unorganized sector.

Today, the Report of the Standing Committee on Labour has been placed on the Table of the House. I quote from the Report. It says:

> "The Committee, therefore, recommend that urgent steps should be taken by the Government to bring in a comprehensive legislation for the unorganized workers without any loss of time. "

I repeat that time has lapsed. Now, the Government is to seriously consider that it would fulfil the demands it has made before the country. I hope our hon. Labour Minister will very positively reply to the point whether in this Session the Government would bring in the legislation or what it wants to do. We want to be assured today in the reply.

Secondly, on a scrutiny of the Demands, it reveals that the total outlay of Rs.1897.27 crore (for Plan Rs.325.48 crore and for Non-Plan, Rs.1579.79 crore) for the year 2007-08 shows an overall increase of Rs.199.69 crore over the Budget Estimate of the previous year.[R18]

15.00 hrs.

However, a glance of the schemewise financial outlays shows that the percentage of expenditure incurred over real expenditure on the execution of some of the important schemes during 2006-07 is far less than what is stipulated under the Plan items namely holding of Lok Adalats, rehabilitation of bonded labour, skill development through PPP, information technology etc. It is also seen that monitoring and coordination of the Ministry with other implementing agencies are not very effective. So, I hope the Government will take necessary steps in this regard so that the budgetary provisions are properly utilized and all the programmes are implemented effectively.

15.01 hrs. (Shrimati Sumitra Mahajan *in the Chair*)

Thirdly, as far as Employees Provident Fund is concerned, it is a pity that till date the Government could not take a decision on the interest rate to be paid. I am in the Standing Committee on Labour for the last three years. In all our Reports we have recommended that at least 9.5 per cent interest should be paid to the Employees Provident Fund. Provident Fund is a very basic thing. It is a social security arrangement for the workers who are covered under the scheme. Out of 30 crore workers in the country, just 10.74 per cent of them are covered under this scheme. There is no proper implementing agency, there is no proper scrutiny and there is no proper monitoring. A large number of workers are still excluded from the purview of the Employees Provident Fund Scheme. Moreover, this social welfare scheme needs to be thoroughly discussed with the central trade unions. The interest rate of at least 9.5 per cent should be maintained. The demand of the trade unions is that 12.5 per cent interest should be paid to Employees Provident Fund, but at least 9.5 per cent interest should be paid. The decision on this is yet to be taken. There is harassment of workers in PF offices. The workers of closed industries who take loan out of their provident fund savings are harassed like anything. Many complaints have been pouring on this score. So, this has to be taken care of.

Then, ESI is another social welfare scheme for workers. There is dual administration in this. Medical benefit is regulated by the State Governments and all other benefits are given by the Government of India. There is no funding from the Government of India. It is the hard earned money of the workers. It is seen that many of the employers do not deposit either the PF contribution or the ESI contribution. The workers are harassed like anything. Many hospitals do not function properly. Funding is not the main problem. The problem is lack of monitoring and lack of political will to see that these social welfare measures are properly implemented.

Madam, I do not want to add further. I feel the time has come to seriously consider whether we will allow the employers to blatantly violate the laws of the land, be it in the public sector or the private sector. For the last few years, what is the experience? The agreements concluded, either tripartite or bipartite, are not honoured by the employers. In our State, 2.5 lakh jute workers had to go on strike for 52 days. What was the reason? It was because the employers refused to pay them their variable Dearness Allowance as per the tripartite agreement. The matter has been raised here also. Our State Government sincerely intervened and forced the recalcitrant employers to adhere to the principles of the agreement. [R19]

These are to be discussed.

Madam, there are so many Acts, like Minimum Wages Act, Factories Act, Industrial Disputes Act, Safety and Security Act and so on and so forth. But if we analyse, if we discuss in details, and if we go through the Acts and Rules, many amendments have to be made depending on the changing situation of the country, depending on the globalised situation of the country.

I would appeal to the hon. Labour Minister, though I have no opportunity to meet him personally as yet, to seriously consider this. What would he do if the management blatantly violates the law of the land, blatantly violates the minimum basic amenities to be provided to the workers? The trade union rights of the workers are trampled under their feet. Should we allow these employers to exploit the workers or should the Government stand by the side of the workers?

We, the Left Parties, who are supporting the UPA Government, remind them that we are supporting this Government not for any special love for them, but for the love of the country and for upholding the cause of the toiling masses of the country. So, they have to judge themselves, they have to analyse themselves, their performances and then come to a decision.

With these words, I thank you, Madam.

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद): सभापति महोदया, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर आज चर्चा हो रही है। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। श्रमिकों के संबंध में बहुत सी बातें कही जाती हैं कि सरकार उनके लिए चिन्तित है, सरकार हमेशा सजग है। इन श्रमिकों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, उनका शोाण हो रहा है, उनके साथ बेइंसाफी हो रही है, उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है, उनके बच्चे पढ़ते-लिखते नहीं है, सरकार कहती है कि हम उनके लिए इंतज़ाम करेंगे। आपको स्मरण होगा कि जब यूपीए सरकार बनी थी, उस समय न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार किया गया था और उस न्यूनतम साझा कार्यक्रम में इन सारी बातों का उल्लेख किया गया था। पहले भी श्रमिकों के कल्याण और उनकी रक्षा के लिए कानून बनते रहे हैं, परंतु वे कितने लागू हो पाए हैं, इस पर हमें गौर करने की आवश्यकता है।

आज श्रमिकों की तादाद देश में तेज़ी से बढ़ रही है। कोई कहता है कि उनकी 30 करोड़ की आबादी है, कोई कहता है 37 करोड़ है। इनकी सर्वे रिपोर्ट क्या बताती है वह तो मंत्री जी अपने जवाब में बताएंगे, लेकिन उनमें से कितने लोगों की हालत कैसी है, कितनों के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, कितनों के अभिभावक बीमार पड़े हैं, कितनों का इलाज नहीं हो रहा है, इसका ध्यान रखा जाना बहुत आ वश्यक है। साथ ही जो मज़दूर कल-कारखानों में काम कर रहे हैं, प्राइवेट ठेकेदारों के पास असंगठित रूप से काम कर रहे हैं, उनके साथ यदि कोई दुर्घटना हो जाती है, उनका हाथ-पैर कट जाता है, यदि वे अपंग हो जाते हैं या उनकी मत्यु हो जाती है तो उसके बाद उनके परि वार को खाना-पीना देने के लिए और उसका इंतज़ाम करने के लिए कौन से उपाय किये जाते हैं? कानून बनाने की घोाणा कर देना और कानून बना देना बिल्कुल आसान बात है लेकिन जब तक मज़दूरों के संबंध में सख्ती से कानून लागू नहीं किये जाएंगे, तब तक मैं नहीं समझता कि इनका कल्याण हो सकता है। [H20]

खेतों में काम करने वाले जो मज़दूर हैं, उन्हें साल में दो-तीन महीने ही काम मिलता है और बाकी दिन वे बेकार बैठे रहते हैं। इनकी न्यूनतम मज़दूरी का कानून भी काफी पहले का बना हुआ है। कोई नियम नहीं है कि किस इलाके में किस मज़दूर को कितनी मज़दूरी मिलेगी। हर क्षेत्र में मज़दूरों पर अन्याय हो रहा है और उनके साथ बेइंसाफी हो रही है। माननीय मंत्री जी को मैं याद दिलाना चाहूंगा कि हाल-फिलहाल में नवंबर-दिसंबर में असंगठित मज़दूरों का एक भारी कार्यक्रम हुआ था। उसमें माननीय मंत्री जी भी सम्मिलित हुए थे। मंत्री जी ने उस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि हम जल्दी ही असंगठित मज़दूरों के कल्याण के लिए कानून लाने वाले हैं। अभी तक मुझे पता नहीं कि इनके कानून का क्या हुआ। मैं चाहता हूं कि अभी सत्र चल रहा है। इस सत्र में कम से कम असंगठित मज़दूरों के लिए कानून बनाएं और उसको इतना पेचीदा नहीं बनाएं कि वह लागू ही न हो और उनका शोाण होता रहे।

महोदया, आज असंगठित मज़दूरों की हालत क्या है? बिहार से आये दिन कई मज़दूर दिल्ली में काम करने के लिए आते हैं। बड़ी कड़ी मेहनत के साथ वे भवन बनाने में, कहीं सड़क बनाने में, कोई किसी कंपनी में, कोई किसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ लगा हुआ है। उनसे तीन महीने काम लेते हैं, तीन में से दो महीने का पैसा बाकी रखते हैं और एक महीने का पैसा देकर कहते हैं कि चलो, और उस पर कोई आरोप लगाकर उसको बंद करवा देते हैं। सवाल यह है कि इसको कौन देखेगा? यह तो मंत्रालय की पूरी ज़िम्मेदारी है कि हमारे

श्रमिकों की रक्षा करे। इसके लिए भी एक कानून बनाने की जरूरत है। इसके लिए जल्दी से जल्दी मंत्री जी कानून बनाएं और जल्दी से जल्दी इस सदन में लाएं जिससे कि मज़दूरों का कल्याण हो सके। इनको बाल श्रमिकों पर भी सर्वे कराना पड़ेगा कि उनकी संख्या कितनी है और उन बाल श्रमिकों में से कितनी उम्र के कितने बाल श्रमिक हैं। ऐसा ही सर्वे बँधुआ मज़दूरों पर कराना पड़ेगा। इसके बारे में वर्षों पहले से कहा जा रहा है कि बँधुआ मज़दूरी समाप्त हो गई है। अभी कई उदाहरण ऐसे मिले हैं जहां बिहार के लड़के पंजाब में आए और वहां उनको पकड़ लिया। वे न घर पर चिट्ठी लिखने देते हैं, न माता-पिता कि खबर लेने देते हैं, न उनको कोई दूसरा काम करने देते हैं। वे कहते हैं कि खेत में ही काम करो, बाहर मत निकलो और दुनिया से कोई वास्ता तुम्हें नहीं है। ऐसा अत्याचार और शोाण हो रहा है। मंत्री जी को इन सारी बातों को गंभीरता से लेना चाहिए।

अभी अनुदानों की मांगों में जितनी राशि इन्होंने रखी है, उसमें ये गरीबों के कल्याण की बात कहते हैं, बीमा योजना के बारे में कहते हैं। आज मज़दूरों की संख्या इतनी ज्यादा है कि कितनों पर बीमा लागू है? उनके लिए सामाजिक सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन उनको सामाजिक सुरक्षा भी नहीं मिलती है। महिलाओं और पुरुषों में ही कितनी बड़ी असमानता है, इसको भी देखें। महिला की मज़दूरी कुछ और है तथा पुरुा की मज़दूरी कुछ और है। पहले मज़दूरों में महिलाओं की संख्या कम थी, लेकिन आज वे धीरे-धीरे कठिन श्रम कर आगे आ रही हैं और घरों में कामकाजी महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। उन पर हर तरह का अत्याचार होता है। हम लोग बार-बार सुनते हैं कि सख्ती से कानून को लागू किया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो पाता।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इन सारी बातों पर गौर करते हुए इन मज़दूरों, खासकर जो असंगठित मज़दूर हैं, उनकी रक्षा और कल्याण के लिए एक कानून लाएं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं श्रम और रोज़गार मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूँ।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): Madam Chairman, we are discussing the Demands for Grants relating to the Ministry of Labour and Employment. We know the workers' contribution in our freedom struggle. It is because of their active participation we got our Independence. The organized and unorganized workforce fought against the British rule and they were also capable to get many legislations in favour of their wel[r21]fare.

After the Independence, the Government of India and the State Governments are also looking after the welfare of the labourers. After the liberalization era, that is, after 1990, the working conditions of the labourers both in the organized and in the unorganized sectors are very much precarious.

According to one study, employment in organized manufacturing sector has grown at only 4.3 per cent between 1990 and 2004, whereas 13 per cent of the workforce, about 1.3 million employees have lost their jobs during this period. This is the impact of the liberalization era.

UPA Government have also committed to so many things about the welfare. In the Common Minimum Programme of this Government, many things about the welfare of the labourers mostly in the organized and unorganized sectors have been assured but nothing has been done so far. This commitment in favour of these labourers is going on but nothing has been done so far.

The main responsibility of the Ministry of Labour and Employment is to protect and safeguard the interests of the workers in general and those who constitute the poor, deprived and disadvantaged section of the society in particular, with regard to creating a healthy work environment.

But we know what is happening in this country. We are aware as to what happened in a multi-national company in Haryana. This House has got the liberty to discuss that issue. This is the condition of

the workers in the organized sector. But, their number is very much less so far as the total workforce of the country is concerned.

Regulation of employment, payment of minimum wages based on the conclusion of the 15th Indian Labour Conference and supplemented by the judgment of the Supreme Court of India in the Raptakos Brett case, commitment to a policy on social security as the right of every Indian, provision of appropriate social security measures and more the steps that will enable them to live in dignity as social useful members of our society are the need of the hour.

A comprehensive legislation was demanded by this House. … (*Interruptions*)

चौधरी लाल सिंह : मैडम, बड़े अफसोस की बात है कि इतना गंभीर मामला है और बीजेपी का एक भी माननीय सदस्य नहीं बैठा है।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : सब लोग आएंगे, आप अपनी चिन्ता करें।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : A comprehensive legislation for the agricultural workers has been under active consideration of the Government since 1975. For 32 years, a comprehensive legislation for the unorganized workers is under the active consideration of the Government but nothing has been done so far. Nothing has been done to ensure the welfare of the workers in the unorganized sector which includes weavers, handloom workers, fishermen and women, toddy tappers, leather workers, plantation labourers, beedi workers, construction workers, and forest workers including *tendu* leaf pluckers.

We have also committed for the welfare of the unorganized labourers working in the agricultural field.[R22] But, we know what their position is.

Madam, so many things had been said by the UPA Government regarding making this legislation for welfare of the workers working in the agriculture sector, etc. But nothing has been done so far. The UPA Government has been in power since last three years now. They had made certain commitments in their National Common Minimum Programme, but nothing has been done so far by them.

So, I would like to know categorically from the hon. Minister as to how he is going ahead with regard to the Comprehensive Bill in regard to workers working in the unorganized sector and when this Bill would come to the House for approval.

We have come across so many things about the difficulties being faced by these workers working in both the organized and unorganized sector. Now, the Special Economic Zone Act has been put in place. But the general impression, which has been going on in the whole of the country is that no labour laws would apply to the industries covered or coming under the Special Economic Zone. Although the Ministry has clarified that the laws of the land will also be applicable to the industries coming under the Special Economic Zone (SEZ), but the impression is going on that the labour laws would not apply to the SEZ. So, the State Governments should be given the instructions from the Centre that laws of the land should be applicable in regard to SEZ also. The SEZ is not on a foreign land, that the labour laws of this country would not be applicable to it. Therefore, the Government should clarify their position in this regard.

